8 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 7/8/2024 10:51 PM Page 1



हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 9 जुलाई 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 बिजली कटौती और बढ़ी दर को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल




## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.



SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड


### वार्डों की संख्या में वृद्धि नहीं, आज किया जाएगा प्रकाशन

# निकाय चुनाव से पहले परिसीमन का कार्य पूर्ण वार्डों की सीमाओं में परिवर्तन की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगरीय निकाय चुनाव से पहले जिले में परिसीमन का कार्य सोमवार को पूर्ण हो गया है। परिसीमन के दौरान वार्डों की संख्या में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है लेकिन वार्डों की सीमाओं में बड़े पैमाने पर परिवर्तन किए जाने की बात कही जा रही है। नगर निगम द्वारा मंगलवार को परिसीमन के बाद नए वार्डों का प्रकाशन किया जाएगा।

**खास बात**
- जून 2019 में हुआ था परिसमन

इस परिसीमन के बाद शहर सरकार के लिए होने वाले चुनाव में दोनों ही राजनैतिक दलों की रणनीति पर बड़ा असर पड़ने वाला है। बता दें कि आने वाले तीन महीनों में नगरीय निकाय चुनाव होने है। नगरीय निकाय चुनाव में महापौर पद के लिए भी प्रत्यक्ष प्रणाली से मतदान करने का निर्णय प्रदेश की भाजपा सरकार ने लिया है। इन सब के बीच चुनाव से पहले शासन द्वारा नगरीय निकायों के अंदर वार्डों के परिसीमन के निर्देश दिए गए थे। शासन से मिले निर्देश के बाद परिसीमन का कार्य शहर में जोर शोर से चल रहा था था। नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत के नेतृत्व में निगम अमला वार्डों के परिसीमन में जुटा रहा। परिसीमन का कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि 8 जुलाई निर्धारित की गई थी। ऐसे में सोमवार की देर शाम तक अधिकारी परिसीमन के कार्य को पूर्ण करने में लगे रहे। परिसीमन के दौरान शहर के कई वार्डों का नक्शा अब बदल जाएगा और लोगों के वार्ड नंबर भी बदल जाएंगे। हालांकि बताया जा रहा कि परिसीमन के दौरान वार्डों की संख्या में वृद्धि नहीं की गई है लेकिन कई वार्डों का नक्शा पूर्ण रूप से बदल दिया गया है। अधिकारी मंगलवार तक परिसीमन के तहत नए नक्शे का प्रकाशन मंगलवार तक करने की बात कह रहे है।



### निकाय चुनाव में पड़ेगा असर

नगर निगम व व निकाय क्षेत्रों में किए गए परिसीमन का असर आने वाले निकाय चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों पर पड़ेगा। आम तौर पर राजनैतिक दलों द्वारा अपनी सुविधाओं के अनुसार वार्डो का परिसीमन किया जाता है। इससे पहले जून 2019 में नगर निगम में परिसीमन का कार्य किया गया था। इस दौरान सभी वार्डों की जनसंख्या 2600 के आस पास निर्धारित की गई थी और वार्डों के नाम व नंबर भी नहीं बदले गए थे। ऐसे में देखना यह है कि इस बार प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद परिसीमन के बाद निकाय के नक्शे में किस प्रकार का परिवर्तन आता है।

### किया जाएगा प्रकाशन

नगरीय निकाय के परिसीमन का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। सम्भवतः मंगलवार को इसका प्रकाशन किया जाएगा। प्रकाशन के बाद इसका अवलोकन किया जा सकता है।

-प्रकाश सिंह राजपूत
आयुक्त ननि

## पानी टंकी को शीघ्र चालू करने के दिए निर्देश

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सोमवार को जल-जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों तथा विभिन्न स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों का जायजा लेने आकस्मिक निरीक्षण किया। सरभोका ग्राम पंचायत के बासनपारा, बुड़ार तथा अमहर में जल-जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकियों का जायजा लिया। ग्राम सरभोका के पानी टंकी को तत्काल शुरू करने, बुड़ार में पुराने पानी टंकी तथा निर्माणाधीन पानी टंकी को शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए। संबंधित ठेकेदारों मेसर्स मारूति कंट्रक्शन, अंबिकापुर तथा उर्मिला कंट्रक्शन, अंबिकापुर को दो टूक निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि क्वालिटी में किसी भी तरह से समझौता नहीं की जाएगी, गुणवत्ताहीन कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर लगातार स्कूलों, आंगनबाड़ियों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में 8 जुलाई को नवोदय विद्यालय सहित प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों सरभोका, बुड़ार, अमहर का निरीक्षण किया। स्कूल में पहुंचते ही साफ-सफाई, शौचालय, बिजली, पानी की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। नवोदय विद्यालय, बैकुंठपुर-केनापारा पहुंचकर रसोई घर का जायजा लिया तथा बच्चों को देने वाल भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई के बारे में बारीकी से पड़ताल भी की। श्री लंगेह ने शिक्षकों से कहा कि समय पर स्कूल पहुंचे साथ ही नियमित रूप से बच्चे स्कूल पहुंचे।



# दो करोड़ कैश लेकर जा रही वैन अनियंत्रित होकर पलटी

**बलरामपुर/राजपुर।** सोमवार को एटीएम में नगद राशि डालने निकली कैश वैन सेमरसोत रेस्ट हाउस के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन में लगभग दो करोड़ रुपए कैश भरा हुआ था।

- सेमरसोत के समीप हुई घटना, बाल बाल बचे सवार

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को निकालने के बाद दूसरे वाहन से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि बैंक ऑफ बड़ौदा के क्लर्क आशीष कैश वैन क्रमांक सीजी 04 पीपी 0972 से नगद रकम लेकर एटीएम में डालने के लिए निकले थे। राजपुर, बलरामपुर में कैश डालने के बाद जब वे कैश वैन लेकर रामानुजगंज की ओर निकले तो सेमरसोत रेस्ट हाउस से आगे पुलिया के समीप तेज बारिश के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस घटना में क्लर्क आशीष, गार्ड जितेंद्र मिश्रा, लोडर सुगेन्द्र सिंह, चालक जितेंद्र कुमार व गार्ड भरत राम घायल हो गए। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे लोगों ने इस घटना की जानकारी हाईवे पेट्रोलिंग को दी। सूचना मिलने के बाद हाईवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची और वाहन में मौजूद फर्स्ट एड किट से ही घायलों का प्राथमिक उपचार किया। बड़ी बात यह है कि घटना के घंटे बाद बलरामपुर व पस्ता पुलिस मौके पर पहुंची। इस वैन में लगभग दो करोड़ रुपए नगद रकम थे।


KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887



अंश COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878


## पीसीसीएफ ने 5 एकड़ में लगे बांस प्लांटेशन का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्रधान मुख्य वन संरक्षक व वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव ने सोमवार को वन परिक्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निजी व्यक्ति द्वारा पांच एकड़ में लगाए गए बांस प्लांटेशन का निरीक्षण करने के साथ ही पौधरोपण किया।

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

बता दें कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही श्रीनिवास राव इन दिनों सरगुजा वृत्त के विभिन्न वन मंडलों में वानिकी कार्यों का निरीक्षण कर रहे है। इसी कड़ी में प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राव राजपुर वन परिक्षेत्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बीट ककना अंतर्गत किसान वृक्ष मित्र योजना वर्ष -2024 के हितग्राही आकाश गर्ग के 5 एकड़ निजी भूमि में रोपित बांस व सागौन पौधों का निरिक्षण किया। पीसीसीएफ श्री राव ने राजपुर परिक्षेत्र के हरितिमा गेउर रोपणी में पौधों का निरिक्षण कर पौधरोपण किया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लांच की गई एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण कर प्रदेशवाशियों से एक पेड़ मां के नाम से पौधा रोपण करने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने कक्ष क्रमांक पी 2724 में फलदार वृक्षारोपण क्षेत्र का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान पीसीसी ने कार्य योजनाके अनुसार टीम वर्क से वानिकी कार्यों को करने हेतु का निर्देश दिया।

# औराझरिया घाट पर पलटा ट्रैक्टर, श्रमिक की मौत

**बलरामपुर/रामानुजगंज।** नेशनल हाईवे 343 पर औराझरिया घाट पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से दो लोगों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है।

- नल जल योजना के तहत कार्य में लगे थे मजदूर



मजदूर नल जल योजना के तहत किए जा रहे कार्य के लिए सामान लेकर ग्राम मितगई जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जिले में चल रहे नल जल योजना के कार्यों में उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के कुछ मजदूर बलरामपुर आकर काम कर रहे है। रविवार को कुछ मजदूर ट्रैक्टर से नल जल योजना के कार्य से जुड़े सामान लेकर बलरामपुर से रामानुजगंज के ग्राम मितगई जा रहे थे। इस दौरान देर शाम 7 बजे जैसे ही ट्रैक्टर औराझरिया घाट के ढलान पर पहुंचा चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद हाइवे पेट्रोलिंग की टीम अमित मिंज के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर पलट गया था जिसे हाइड्रा की मदद से हटवाया गया और आवागमन बहाल कराने के साथ ही घायलों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान अस्पताल में चिकित्सकों ने ट्रैक्टर चालक उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी 30 वर्षीय वसीद अंसारी आ. भूरा को मृत घोषित कर दिया जबकि जुबेर खान व छोटू खान की हालत गंभीर होने पर उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। इसके साथ ही घटना में घायल अन्य मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं पुलिस ने पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।



# सड़कों के संधारण कार्य में लापरवाही, 11 लाख का बिल शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत में लापरवाही करने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता ने संधारण देयक राशि 11 लाख रुपए को शून्य कर दिया है इसके साथ ही संधारण की अवधि छह माह बढ़ा कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए है।

- 6 माह और बढ़ाई संधारण अवधि

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत आने वाली पांच सड़कें जर्जर हो चुकी है। ये सड़कें वर्तमान में संधारण अवधि में है और संबंधित ठेकेदार को इन सड़कों के संधारण करने के निर्देश दिए गए थे। इस बीच कार्यपालन भियन्ता द्वारा प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत संधारित की जाने वाली सड़कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संधारण कार्य में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरते जाने की बात सामने आई। निर्देश के बाद भी संधारण अवधि में कार्य पूर्ण नहीं किया गया जिसके बाद पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता द्वारा संधारण देयक राशि 11 लाख रुपए के बिल को शून्य कर दिया गया है। इसके साथ ही संधारण की अवधि 6 माह अतिरिक्त बढ़ाई गई है। कार्रवाई के बाद पुनः सड़कों के संधारण का कार्य तेजी से किया जा रहा है।


प्रवेश सूचना

| | |
|---|---|
| BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा |
| DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन |
| D.Pharma (3 years) डी .फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक |

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000



(अम्बिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अम्बिकापुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561


**खबर संक्षेप**

### खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक 12 को

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक कलेक्टर सह पदेन अध्यक्ष सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में 12 जुलाई को अपराह्न 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को निर्धारित तिथि को उपस्थित होने कहा गया है।

### मोहर्रम के अवसर पर 17 को शुष्क दिवस घोषित

**अम्बिकापुर।** आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र के परिपालन में कलेक्टर सरगुजा द्वारा जिले में मोहर्रम 17 जुलाई को शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान जिले में संचालित समस्त देशी मदिरा दुकानें, विदेशी मदिरा दुकानें, संलग्न अहाता एफ.एल.8 तथा मद्य भण्डागार पूर्णतः बंद रहेगा। इस दिन मदिरा विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा। उन्होंने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### विद्युत दरों में वृद्धि व कटौती को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# सरकार बदलते ही सब स्टेशन का कार्य ठप, कटौती से जनता हलकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विद्युत दरों में वृद्धि एवं अघोषित बिजली कटौती को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा द्वारा गांधी चौक स्थित डाटा सेंटर के पास धरना प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के कार्यकाल में महज 3 माह के दौरान 8 विद्युत सब स्टेशन स्वीकृत हुए थे। इनका टेंडर हो चुका है लेकिन सरकार बदलने के बाद से इनका कार्य ठप हैं। इनमें 132/33 का घंघरी सब स्टेशन एवं 33/11 केव्हीए के अजिरमा, प्रतापपुर चौक एवं भखुरा सब स्टेशन भी हैं। इनके निर्माण से अम्बिकापुर शहर में विद्युत आपूर्ती सुचारू हो जायेगी लेकिन नई सरकार ने इन विकास कार्यो पर रोक लगा रही है जिसका खामियाजा



शहरवासियों को अघोषित कटौती के रूप में चुकाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अम्बिकापुर शहर में विद्युत विभाग के जोनल कार्यालय की स्वीकृति दी थी किंतु वह भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया हैं। प्रदेश की सरकार ने हाल ही में बिजली की दरों में प्रति यूनिट 20 पैसे की वृद्धि की है। यह वृद्धि इस माह से उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों में जुडकर आने लगेगी। एक तरफ महंगाई के इस दौर में सरकार बिजली दरों में वृद्धि कर रही है, वहीं बिजली कटौती से आम नागरिक और किसान हलकान हैं। शहर के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने कहा कि महंगाई के इस दौर में भाजपा की सरकार द्वारा विद्युत दरों में की गई वृद्धि जनता के साथ अत्याचार है। जिस जनता ने भाजपा की डबल इंजन सरकार के लिए मतदान किया उसके साथ इस डबल इंजन की सरकार ने धोखा किया है।

उन्होंने कहा कि अभी 7 माह पहले जब कांग्रेस की सरकार थी तब विद्युत विभाग मुनाफे में था फिर ऐसी कौन सी जरूरत आ गई कि विद्युत दरों में सरकार ने भारी भरकम वृद्धि कर दी। कार्यक्रम को मो. इस्लाम, विनय शर्मा, संजय विश्वकर्मा, प्रमोद चौधरी, आतिश शुक्ला, रजनीश सिंह, सतीशा बारी, मिथुन सिंह, शुभम जायसवाल, दिलिप धर आदि ने भी संबोधित किया। दुर्गेश गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# स्टेट लेवल ताइक्वांडो में हर्षित ने हासिल किया गोल्ड मैडल

**अंबिकापुर।** राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में सरगुजा के हर्षित अम्बष्ट ने सीनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल किया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा रायगढ़ में 5 से 7 जुलाई तक छत्तीसगढ़ स्टेट ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में सरगुजा के अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी हर्षित अम्बष्ट ने सीनियर कैटेगरी 54 किलोग्राम श्रेणी में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान हर्षित अम्बष्ट ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता के आधार पर हर्षित का चयन मध्यप्रदेश के भोपाल में सितंबर माह में होने वाले नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप के लिए किया गया है। हर्षित वर्तमान में महाराष्ट्र के पुणेमें ताइक्वांडो का प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रणीण बोरसे के मार्गदर्शन में प्राप्त कर रहा है। हर्षित इससे पहले जूनियर और कैडेट वर्ग में राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय चैम्पियनशीप में अनेकों मेडल जीतकर सरगुजा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर चुका है। इस सफलता पर सरगुजा ताइक्वांडों संघ द्वारा हर्षित को बधाई देते हुए संघ के सचिव अशोक तिर्की ने नेशनल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल मिलने की उम्मीद जताई है।



## खबर संक्षेप



### रहनुमा एजुकेशन सोसायटी ने उठाया बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा

**अंबिकापुर।** रहनुमा एजुकेशनल सोसायटी छह बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा उठाया गया है। सोसायटी द्वारा आज इन बच्चों को कॉपी पुस्तक के साथ ही नगद राशि प्रदान की गई। बता दें कि रहनुमा एजुकेशन सोसायटी द्वारा प्रतिवर्ष आर्थिक रूप से कमजोर व हुनरमंद बच्चों की शिक्षा का जिम्मा उठाया जाता है। इस वर्ष ही सोसायटी द्वारा छह बच्चों की कक्षा पहली से बारहवीं तक की पढ़ाई का जिम्मा उठाते हुए उन्हें कॉपी पुस्तक व नगद राशि प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, सचिव रशीद अहमद अंसारी, मोहमद साबिर सहित अन्य मौजूद थे।

### रविशंकर त्रिपाठी सेवा समिति ने किया पौधरोपण

**अंबिकापुर।** स्व. रविशंकर त्रिपाठी सेवा समिति द्वारा स्कूल रोड पुलिस लाइन मैदान व आस पास के क्षेत्रों में



स्व. रविशंकर त्रिपाठी की स्मृति में पौधरोपण किया गया। समिति द्वारा परिसर में बरगद, पीपल एवं कदम के पौधे लगाए गए और बांस से घेरकर सुरक्षित किया गया। इसके साथ ही पुलिस लाइन पेट्रोल पम्प के समीप बने यात्री प्रतीक्षालय की सफाई कर उनके नाम का फ्लैक्स लगाया गया व लोगों को पेड़ पौधे लगाकर पर्यवरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने स्लोगन लिखे गए।

### फिटनेस ग्रुप ने गांधी स्टेडियम में किया पौधरोपण



**अम्बिकापुर।** फिट सिटी के कार्डियो एवं कोर फिजिकल फिटनेस ग्रुप के सदस्यों ने रविवार को गांधी स्टेडियम में पौधरोपण किया। विनीत मिश्रा, विकास शुक्ला, रोहित गोस्वामी, प्रकाश सिंह श्याम ने पौधों की व्यवस्था की जिसका रोपण किया गया। इस दौरान विशाल गोस्वामी, अधिवक्ता संजय अम्बष्ट, एसडीओपी जयराम चरमाको, एसआई प्रमोद सिंह, प्रवीण सिंह, डॉ.संतोष सिंह, राजेश प्रसाद सिन्हा आदि उपस्थित थे। कर्मचारी संघ के सदस्यों एवं अध्यक्ष राकेश सोनी ने पौधों की सुरक्षा के लिए 10 ट्री गार्ड उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### थर्ड जेंडर से मारपीट, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** थर्ड जेंडर से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सीतापुर अंतर्गत




सोनतराई निवासी सबनम टोप्पो तृतीय लिंग की है और शहर के जरहागढ़ में रहकर भिक्षावृत्ति कर जीवन यापन करती है। सबनम टोप्पो 6 जुलाई को बस स्टैंड में लोगों से भिक्षा मांग रही थी इस दौरान एक व्यक्ति से भिक्षा मांगने पर उसने थर्ड जेंडर सबनम से गाली गलौज की और उसके होंठ को काट दिया जिससे खून निकलने लगा। इस मामले में पुलिस ने घेराबंदी कर बलरामपुर के रघुनाथनगर करमडीहा जनकपुर निवासी 30 वर्षीय राम शुभक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 118(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, सउनि अभिषेक दुबे, प्रधान आरक्षक सियाराम मरावी, आरक्षक मंटू गुप्ता, शिवमंगल सिंह शामिल रहे।

## दोनों गांव के ग्रामीण मूलभूत सुविधा से है वंचित

# पहुंचविहीनता का दंश झेल रहे ग्राम जोक पानी व परपटिया के ग्रामीण



पथरीले रास्ते से जाते ग्रामीण।



नाला से पानी निकाली बालिका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

चौमुखी विकास के इस दौर में आज भी जिले के कई दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीण विकास की बाट जोह रहे हैं। प्रदेश में सरकारें बदलती रहीं लेकिन इन ग्रामीणों का तकदीर नहीं बदली और आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। कुछ इस तरह की स्थिति दरिमा क्षेत्र के बड़ा दमाली के आश्रित ग्राम जोकपानी व मैनपाट क्षेत्र के ग्राम पंचायत परपटिया की है जहां आज भी ग्रामीण मूलभूत सुविधा से वंचित है। आलम यह है कि क्षेत्र के लोग नाला के पानी के उपयोग व पत्थर के मार्ग पर चलने को मजबूर है।

**खास बात**

- नाला के पानी से करते है निस्तार, पक्की सड़क की नहीं सुविधा

संभाग मुख्यालय से लगभग 30 किमी दूर दरिमा क्षेत्र के बड़ा दमाली के आश्रित गांव जोकपानी एवं मैनपाट के परपरिया पंचायत के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। पहाड़ी के बीच बसे इन पंचायतों में जनजाति समुदाय के लोग निवास करते है। परंतु गांव में पेयजल की व्यवस्था व व्यवस्थित सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीण नाला के पानी से निस्तार एवं पथरीली सड़क से आवागमन करते है। गर्मी के दिनों में हैंड पंप व नाला के सुख जाने से क्षेत्र में जल संकट गहराने लगता है जबकि बारिश के दिनों में दूषित पानी के उपयोग करने से मौसमी बीमारी का खतरा अधिक होता है। पूर्व में ही गांव के लोगों ने कलेक्टर से सड़क, पेयजल की समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसके बाद गांव में हैंडपंप लगाया गया परंतु हैंडपंप से पानी नहीं निकलने से ग्रामीण नाला के पानी का ही उपयोग करते है। आवागमन सुविधा के लिए भी इसी तरह कुछ साल पूर्व शासन द्वारा जेसीबी मशीन द्वारा खतरनाक पहाड़ के बीच से रास्ता बनाने की कोशिश की परंतु परंतु बड़े-बड़े पत्थर निकलने के कारण सड़क को आधे अधूरे छोड़ दिया गया। ऐसे में गांव तक पहुंचने के लिए कोई व्यवस्था सड़क नहीं है जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### राशन के लिए 5 किमी का सफर

दोनो आश्रित ग्राम पंचायत के अधिकांश ग्रामीण सरकारी राशन पर निर्भर है। ऐसे में ग्रामीणों को राशन के लिए 5 किमी का सफर पैदल ही नदी, नाला, पहाड़ पार कर अपने ग्राम पंचायत मुख्यालय राशन लेने आते हैं जिससे ग्रामीणों सड़क, पुल पुलिया नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### सड़क की नहीं सुविधा

ग्राम पंचायत बड़ा दमाली के आश्रित गांव जोकपानी एवं मैनपाट क्षेत्र के ग्राम पंचायत परपटिया गांव में आवागमन के लिए सड़क की सुविधा नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को पथरीले व कच्ची सड़क से आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में नाला में पानी भरे होने आवागमन में काफी दिक्कत होती है और ग्राम पंचायत मुख्यालय तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। दोनो गांव पहुंचने के लिए लगभग किमी पैदल चलकर पहाड़ी नाना व घाट चढ़कर पकडंडी रास्ते से गांव पहुंचना पड़ता है। यहां तक की गांव में कोई बीमार हुआ या किसी गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हुई तो खाट के सहारे पंचायत मुख्यालय तक ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने सड़क की मांग कई बार की परंतु आज तक मांग पूरी नहीं हो सकी।

### शिक्षा से दूर है बच्चे

दोनों की पंचायत के अधिकांश बच्चे शिक्षा से दूर दूर होते जा रहे हैं। वहीं विद्यालय बड़ा दमाली में है जिससे सड़क की व्यवस्था नहीं होने तथा दूर होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जाते और शिक्षा से वंचित हो रहे है। यहां तक की गांव के 8 से 10 साल के कई ऐसे बच्चे है जिनका आधार कार्ड तक नहीं बना है और पढ़ाई को छोड़ गाय बकरी पालन में मवेशियों को जंगल में चराने को दिनचर्या में शामिल कर लिया है।

### भेजा जाएगा प्रस्ताव

दोनों ही गांव में आधार कार्ड बनाने के लिए शिविर खोला गया है। सड़क के लिए जिला पंचायत को प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद सड़क निर्माण होगा। पेयजल जिम्मेदारी पीएचई विभाग की है।

-आरएस सेंगर
जनपद पंचायत सीईओ

## कालेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर दिया गया है। इस शिक्षा नीति में 3 या 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम होगा जो कि क्रेडिट सिस्टम पर आधारित होगा। यह पाठ्यक्रम पूर्णतः सेमेस्टर परीक्षा पर आधारित होगा। इस प्रकार तीन वर्ष के लिए 6 सेमेस्टर तथा 4 वर्ष के लिए 8 सेमेस्टर का पाठ्यक्रम होगा, पाठ्यक्रम की अवधि में बहु प्रवेश एवं बहु निकास का प्रावधान होगा।

जिसके अन्तर्गत प्रथम वर्ष पूर्ण करने के पश्चात कोई विद्यार्थी किसी कारणवश अपनी पढ़ाई छोड़ता है तो उसे अतिरिक्त चार क्रेडिट ऑनलाइन माध्यम से अर्जित करने पर सर्टिफिकेट तथा दो वर्ष पश्चात पढ़ाई छोड़ने पर डिप्लोमा, तीन वर्ष पश्चात डिग्री तथा चार वर्ष पूर्ण करने पर ऑनर्स की डिग्री प्रदान की जाएगी। जिन विद्यार्थियों का सीजीपीए 7.5 से अधिक होगा उन्हे ऑनर्स के साथ रिसर्च की डिग्री प्रदान की जाएगी। इस प्रकार इस शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, मूल्य परख तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा के माध्यम से सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। यह शिक्षा नीति बहु विषयक प्रणाली पर आधारित है। जिसमें विद्यार्थियों को अपनी इच्छा अनुसार दूसरे संकाय के विषय चुनने की आजादी है। कला संकाय के विद्यार्थी स्वेच्छा से विज्ञान अथवा वाणिज्य संकाय का एक विषय जेनेरिक इलेक्टिव के रूप में अध्ययन कर सकेगा। इसी प्रकार विज्ञान संकाय का विद्यार्थी कला अथवा वाणिज्य संकाय से तथा वाणिज्य संकाय का विद्यार्थी विज्ञान या कला संकाय का एक विषय अध्ययन कर सकेगा। इस शिक्षा नीति में विद्यार्थियों का मूल्यांकन 30 प्रतिशत आंतरिक मूल्यांकन एवं 70 प्रतिशत अंक सेमेस्टर परीक्षा पर आधारित होगा। इन दोनों मूल्यांकन के अंको के जोड के 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विद्यार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा। शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को इसके विभिन्न पहलुओं को समझाने के लिए प्रत्येक जिले से मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है। जिले के मास्टर ट्रेनर टीआर राहंगडाले, अजय कुमार तिवारी, शशिशेखर एवं डॉ. विनोद कुमार साहू द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एचएन दुबे के निर्देशन में समस्त महाविद्यालयों में जाकर 2 से 5 जुलाई तक प्रशिक्षण सह-संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई भगवान महादेव की झांकी

**अम्बिकापुर।** अग्निशमन सेवा परिवार द्वारा अग्निशमन केन्द्र परिसर स्थित शिवशक्ति मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन आज भगवान शिव की झांकी निकाली गई।

आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीय रविवार की सुबह 8 बजे से बेदी पूजन के बाद भगवान शिव की झांकी निकाली गई। शोभा यात्रा न्यू बस स्टैंड के पास स्थित फायर स्टेशन से निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः फायर स्टेशन परिसर में बने शिवशक्ति मंदिर में सम्पन्न हुई। जहां मंदिर प्रवेश, प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ, रूद्राभिषेक, पूजन, हवन, आरती, प्रसाद वितरण व भंडारा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का हुआ। फायर स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी ने बताया की पूर्व में जिस जगह से फायर स्टेशन संचालित किया जा रहा था वहां पर दमकल कर्मियों द्वारा शिव शक्ति मंदिर की स्थापना की गई थी। जो कि निगम के अधिपति में जाने से नए फायर स्टेशन का निर्माण न्यू बस स्टैंड गौरव



पथ के पास किया गया है। अब नए स्थान परिवर्तन के बाद दमकल कर्मियों,उच्च अधिकारियों सहित दानदाताओं के सहयोग से अग्निशमन सेवा केंद्र परिसर में शिव शक्ति भगवान मंदिर का निर्माण कराया गया है। आज शहर भर में शिव भगवान की शोभा यात्रा निकाली गई जिसके बाद मंदिर में भगवान की स्थापना की गई। अब दमकल विभाग के कर्मचारी विभाग में पहुचने के साथ सर्वप्रथम मंदिर में पूजा करने के पश्चात अपने कामों की शुरुआत करेंगे।

### मिनी ट्रक की टक्कर से किशोरी घायल

**बिश्रामपुर।** रामनगर अस्पताल से टिटनेस का इंजेक्शन लगवा सायकल से वापस घर लौट रही किशोरी ईंट लोड मिनी ट्रक की चपेट में आ गंभीर रूप से आहत हो गई। बताया गया कि रामनगर अडरापारा निवासी मंजू प्रजापति पिता निलेश प्रजापति 16 वर्ष रविवार को अस्पताल गई थी ,इलाज कराकर वह सायकल से लौट रही थी तभी रामनगर चौक के समीप ईंट लोड वाहन जो तेज गति से सरस्वतीपुर की ओर जा रहा था ,किशोरी को अपनी चपेट में ले लिया गंभीर चोट के बाद किशोरी को प्राथमिक उपचार बाद रायपुर हायर सेंटर रेफर किया गया है।पुलिस ने ईंट लोड मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 ए सी 0731 को जप्त कर वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

## ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में सैंड प्ले एरिया का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में बच्चों की रचनात्मकता को पंख मिला जहां खेल और सीखने के लिए एक नया अध्याय जुड़ गया है। सोमवार को स्कूल परिसर में सैंड प्ले एरिया का उद्घाटन स्कूल के प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी के द्वारा किया गया।

उद्घाटन समारोह के दौरान बच्चे सैंड प्ले एरिया मे खेलते हुए अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त करते दिखे हैं। यहां बच्चे सैंड प्ले एरिया में खेलते हुए अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त करते दिखे है। यहां बच्चों के खेल और सिखने के लिए कई प्रकार के रचनात्मक उपकरण जैसे बाल्टियां, मग, हजारा, मिनी फावड़े, सैंड मोल्ड्स, शेप्स आदि उपलब्ध है। कुछ बच्चे महल और किले बनाते दिखे तो कुछ ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए सैंड आर्ट बनाई। इस दौरान शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें मार्गदर्शन दिया।

प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बच्चों के समग्र विकास और खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सैंड प्ले एरिया को विशेष रूप से इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि बच्चे यहां खेलते हुए टीम वर्क, समस्या समाधान और रचनात्मक सोच जैसी महत्वपूर्ण कौशल सीख सके। इसके अलावा सैंड प्ले एरिया बच्चों को प्राकृतिक वातावरण से जोड़ने का भी एक माध्यम है जिससे वे प्रकृति के करीब आ सके और यह न केवल उनके खेल का एक नया स्थल होगा बल्कि उनके ज्ञान और कौशल के विकास का भी एक महत्वपूर्ण केन्द्र बनेगा। यह सब भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 का हिस्सा होगा।

## सलका एवं खोधला में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**केदमा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल परिसर में धूमधाम से विधायक राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में दोनों संकुल के कक्षा पहली, कक्षा छठवीं तथा कक्षा 9वी के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया गया।

प्राचार्य ने विद्यालय के विकास के बारे में बताया तथा विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया। इस बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पीएम विद्यालय सलका, पूर्व माध्यमिक शाला सलका तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सलका के छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। जनपद अध्यक्ष श्रीमती भोजवंती सिंह. ग्राम सरपंच राम सिंह ने विद्यालय के बारे



में बताया। विधायक राजेश अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को कॉपी-पुस्तकें एवं गणवेश वितरण कर उनका मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।उन्होंने कहा कि कक्षाएं समाप्त होने के पश्चात प्रतिदिन 10 से 15 मिनट तक बच्चों को गतिविधियों के अंतर्गत खेल या नृत्य का कार्यक्रम निश्चित तौर पर कराए जिससे उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही विद्यालय के अहाता निर्माण, साइकिल स्टैंड, मंच एवं पेयजल की समस्या को दूर करने की बात कही। इस अवसर पर 50 पौधों का पौधारोपण किया गया। इस दौरान राम सिंह, सीमा सिंह, भारत लाल गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, अनिल सिंह, मनीष बंसल, संतोष जायसवाल, बनारसी दास सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क पर दौड़ते मवेशी से टकराकर घायल हुआ एलआईसी अभिकर्ता

**बिश्रामपुर।** बारिश शुरू होने के साथ सड़को में डेरा जमाए आवारा मवेशी दो पहिया वाहन सवारों के लिए काल साबित हो रहे हैं।सोमवार को एन एच 43 में बारामिल जंगल करमपुर मोड़ के पास अचानक दौड़ कर सड़क पर आ गए मवेशी से टकरा बाइक सवार एलआईसी एजेंट गंभीर रूप से जख्मी हो गए ।बताया गया कि भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता बिश्रामपुर चोपड़ा कॉलोनी निवासी बसंत त्रिपाठी अपने बाइक से सोमवार दोपहर अंबिकापुर जा रहे थे तभी बारामील जंगल करमपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के आगे अचानक सड़क पर दौड़ते बाइक के सामने आ गए मवेशियों से टकरा उनकी बाइक अनियंत्रित हो दुर्घटनाग्रस्त हो गई।घटना में सिर मुंह के बल गिरे त्रिपाठी को गंभीर चोट के बाद राहगीरों ने उन्हें बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया ,यहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जांच उपरांत उन्हे बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रायपुर रेफर किया है।

## कांग्रेस की जांच टीम ने कार्यकर्ता व पत्रकार का दर्ज किया बयान

**सूरजपुर।** जिला मुख्यालय में विगत दिन कांग्रेस कार्यकर्ता व पत्रकार के साथ एसडीएम द्वारा दुर्व्यवहार व मारपीट करने के मामले में आज कांग्रेस की जांच टीम सूरजपुर पहुंची। टीम ने पीड़ित पत्रकार सहित कांग्रेस कार्यकर्ता से बयान लिया तथा घटना को लेकर कलेक्टर व एसपी से मुलाकात कर अपनी बात रखी।

- कलेक्टर व एसपी से मुलाकात कर रखी अपनी बात

जिला मुख्यालय में विगत दिनों पत्रकार सहित कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ सरकारी अधिकारी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार एवं मारपीट की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉ. जेपी श्रीवास्तव के संयोजकत्व में नौ सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। आज कांग्रेस की जांच टीम के सदस्य डॉ. जेपी श्रीवास्तव,



द्वितेन्द्र मिश्रा, शफी अहमद, श्रीमती भगवती राजवाडे, प्रदीप गुप्ता, अशोक जगते, आरके ओझा, अखिलेश प्रताप सिंह, श्रीमती लाल मुनि यादव सूरजपुर पहुंचे। जांच टीम ने पत्रकार और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का ब्यान लिया और पूरे घटनाक्रम से अवगत हुए। इसके पश्चात जांच टीम जिले के कलेक्टर रोहित व्यास और एसपी एमआर आहिरे से मुलाकात की। जांच टीम ने कलेक्टर और एसपी से मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की बात कही। पत्रकारों से चर्चा के दौरान जांच टीम के सदस्यों ने कहा कि यहां के एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने जो किया है वो निंदनीय है। एसडीएम का काम होता है लायन आर्डर का मेंटनेंस करना न की माहौल को बिगाड़ना। प्रदेश कांग्रेस कमेटी इसका निंदा करती है। हमने पत्रकार अनवर खान और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का पक्ष लिया है। पूरे मामले की रिपोर्ट जांच कमेटी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपी जाएगी। जिले के कलेक्टर और एसपी से मुलाकात कर अपनी बात रखी है। एक सप्ताह के अंदर अगर कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश पर वृहद आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूर्णिमा पति स्व. आनंद निवासी सकालो थाना गांधीनगर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (माता) नान्हा लइका पति शिवम की दिनांक 17/12/2008 को स्थान सकालो में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.... /अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिराज खेस पिता पवन साय जाति उरांव निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) खसरा नंबर 606/53 रकबा 0.016 हे. भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, सेटलमेन्ट, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 20/07/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अम्बिकापुर**

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI CHIRMIRI
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
पैट्रोल पंप के सामने, वार्ड नं..-1, पोड़ी, चिरमिरी, जिला - कोरिया (छ.ग.)
81098-66204 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### वेतन विसंगति को लेकर न्यायिक कर्मचारी संघ ने की प्रार्थना सभा

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को उत्तर प्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ द्वारा वेतन विसंगति दूर करने के संबंध में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस प्रार्थना सभा में भारत भर के सभी राज्यों के न्यायिक कर्मचारियों को दिए जा रहे असमान वेतनमान के विरोध में हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान जी से प्रार्थना की गई कि वह राज्य शासन को सद्बुद्धि दे। छत्तीसगढ़ के न्यायिक कर्मचारियों को अन्य राज्यों की तरह ही उच्च स्तरीय वेतनमान प्रदान किया जाए। न्यायिक कर्मचारी संघ प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन सरगुजा के जिला संयोजक कमलेश सोनी, सीएम मिश्रा, अनिल तिवारी, प्रामोद सिंह, अजीत सिंह, श्रीकांत चौबे, एसएल मालवीय, रवि सिंह, हरिशंकर सिंह, धनेश प्रताप सिंह शामिल हुए और न्यायिक कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।

### गांवों में शुरू किया गया नशा उन्मूलन अभियान



**अम्बिकापुर।** ग्राम साल्ही में नशा उन्मूलन के लिए अभियान चलाया गया। कार्यक्रम पीईकेबी के कर्मचारियों एवं परसा व साल्ही गांव के ग्रामीणों सहित कुल 87 लोगों ने भाग लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य शराब, तंबाखू सहित नशा युक्त पदार्थों के सेवन से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में प्रजापति ब्रह्मकुमारी की सुश्री विद्या दीदी, संभव महिला मंच की सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री वंदना दत्ता, योग प्रशिक्षक अजय तिवारी, नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी सुरेंद्र साहू, सामाजिक कार्यकर्ता मंगल पांडे, नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक अनिल मिश्रा शामिल हुए। सुश्री विद्या दीदी ने शराब मुक्त जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रेरक बातें कही। साथ ही समूह चर्चा में प्रतिभागियों को शामिल करने और शराब विरोधी संदेश को मजबूत करने की बात कही।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार करंजी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सनियाडीह निवासी तिलकधारी आ. स्व. माया राम (44 वर्ष) 27 जून की सुबह लगभग 9 बजे घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। ग्रामीण की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी दिलू बाई ने पुलिस को बताया कि तिलकधारी की दिमागी हालत पिछले तीन माह से ठीक नहीं था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति पुनर्गठित

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार जिला सरगुजा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियम के जाति प्रमाण पत्रों को सत्यापन हेतु जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन किया गया है। जिसमें समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर अम्बिकापुर सुनील कुमार नायक, पदेन सदस्य अम्बिकापुर थाना आजाक उप पुलिस अधीक्षक, आदिम जाति सदस्य सहा. अनुसंधान अधिकारी महेन्द्र खाण्डेकर, अजजा सदस्य सहायक संचालक कु. अंकिता मरकाम, अपि सदस्य परियोजना अधिकारी साक्षरता गिरिश गुप्ता तथा पदेन सदस्य सचिव आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त होंगे।

### गौठान में कब्जा, सरपंच ने की शिकायत

**बैकुंठपुर।** ग्राम पंचायत में लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए गौठान में गांव के कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा कर लिए जाने पर ग्राम पंचायत के सरपंच ने मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर को कर गौठान को कब्जामुक्त करा अतिक्रमण करने वालो पर कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत की प्रति एसपी सहित एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत को भी दी गई। इस संबंध में मिली शिकायत के अनुसार जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव के सरपंच श्रीमती सुकवरिया पैकरा ने कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों सौंपे लिखित शिकायत में उल्लेख किया है कि गांव में 10 लाख रूपए से उपर की लागत से गौठान बनाया गया था, इसमें सौर ऊर्जा ट्यूबवेल एवं 600 फलदार पौधे लगाए गए थे।

## प्रशासनिक भवन में विभिन्न विभागों के लिए कम पड़ रही जगह

# भकुरा परिसर में नहीं है मूलभूत सुविधाएं, विवि कर रहा कार्यालय स्थानांतरित करने की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्थापना के बाद से भवन की समस्या से जूझ रहे संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन इसी माह प्रशासनिक भवन एवं शैक्षणिक विभागों को ग्राम भकुरा स्थित निर्माणाधीन परिसर में स्थानांतरित करने की तैयारियां कर रहा है। अभी भी परिसर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। ऐसे में कार्यालय एवं शैक्षणिक विभागों के नए परिसर में संचालन में अधिकारी-कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को भारी परेशानी से जूझना पड़ेगा।

**खास बातें**

- स्थापना के बाद से ही उधार के भवन में चल रहा यूडीटी
- निर्माणाधीन परिसर में नहीं हैं सुविधाएं

विवि के भकुरा परिसर में वर्षों से चल रहे भवनों का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। कुछ भवनों का निर्माण पूरा हुआ भी है तो उपयोग नहीं हो पा रहा है। इधर स्थापना के बाद शासकीय भवन में संचालित हो रहे प्रशासनिक भवन में जगह कम होने के कारण संचालन में समस्याएं आ रही है। विवि के अधिकारियों ने भकुरा परिसर में चल रहे कार्यों में तेजी लाने के साथ ही जगह की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से इस महीने प्रशासनिक कार्यालय व शैक्षणिक विभागों को नए परिसर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। फिलहाल ऑडिटोरियम भवन को प्रशासनिक कार्यालय के लिए तैयार किया गया है जबकि यूटिलिटी बिल्डिंग एवं निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन के भूतल में शैक्षणिक विभागों का संचालन करने की तैयारी है।



भकुरा परिसर में निर्माणाधीन भवन।

**सड़क के नाम पर पथरीले घाट**

वर्ष 2016 में विवि द्वारा मुख्य मार्ग से विवि परिसर तक पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था जो अब जर्जर हो गई है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। विवि के मुख्य द्वार से निर्माणाधीन कार्यालय भवनों एवं आवासीय परिसर तक अभी सड़क नहीं बनी है। विवि द्वारा परिसर में आवागमन के लिए जेसीबी से कच्ची सड़क तैयार की गई है। पहाड़ी क्षेत्र की सड़क घाटनुमा है। सड़क में कहीं ऊंची चढ़ाई है तो कहीं खाई। बरसात में सड़क की मिट्टी पूरी तरह से बह जाती है तथा पत्थर के बड़े-बड़े टुकड़े बच जाते हैं। ऐसे में वाहन चलाना तो दूर पैदल चलने में भी समस्या होती है। फिलहाल परिसर से सड़क बनाने के लिए फंड उपलब्ध नहीं है लिहाजा विवि अपनी जेसीबी से कच्ची सड़क की बाधाएं दूर करने का प्रयास कर रहा है। परिसर में लाइट एवं सुरक्षा की व्यवस्था भी बड़ी चुनौती है।

एसजीजीयू का भकुरा परिसर जंगल एवं पहाड़ का हिस्सा है। परिसर की भूमि पर अतिक्रमण कर कुछ ग्रामीणों ने अपने मकान बनाए हैं परिसर के निकट कोई गांव नहीं है। पहाड़ का हिस्सा होने के कारण परिसर में भूजल का स्त्रोत पर्याप्त नहीं है। वर्तमान में परिसर में सबसे बड़ी समस्या शुद्ध पानी की है। विवि द्वारा परिसर स्थित ट्यूबवेल से ऑडिटोरियम भवन में पेयजल की व्यवस्था की है। ट्यूबवेल से भवन के ऊपर रखे पानी टंकी को भरा जाएगा तथा पूरे भवन में पानी की आपूर्ति की जाएगी।

इस व्यवस्था से प्रशासनिक भवन की जरूरतें तो पूरी हो जाएगी लेकिन शैक्षणिक विभागों एवं संभागभर से विवि कार्यालय पहुंचने वाले अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ता है। भविष्य में आवासीय भवनों में पानी की आवश्यकता पड़ेगी जिसके लिए अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। परिसर में सुरक्षा, लाइट, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। ये कमियां विवि परिसर को आबाद करने की दिशा में बड़ी बाधा साबित हो सकती है।

**6 साल में नहीं बना जलागार**

शासन द्वारा विवि के भकुरा परिसर में जलागार बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। विवि ने शासन ने मिली संपूर्ण राशि लोनिवि को दे दी थी। लोनिवि ने वर्ष 2018 में जलागार के लिए स्वीकृत 1.20 करोड़ में से 30 लाख रूपए पीएचई को ट्रांसफर कर दिया था। पीएचई ने परिसर में एक दर्जन से अधिक ट्यूबवेल खनन कराया जिसमें 3 को छोड़कर सभी असफल निकले। इन्ही तीन ट्यूबवेल के पानी से भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण ट्यूबवेल खनन कराने के बाद पीएचई के अधिकारियों ने जलागार निर्माण की पहल नहीं की। लोनिवि के अधिकारी भी मामले में चुप्पी साधे रहे। कार्यालय शैक्षणिक विभागों के परिसर के निर्माणाधीन भवनों में स्थानांतरण की तैयारियों के दौरान जलागार की जरूरत महसूस हुई तो अधिकारी अब सक्रिय हुए हैं। मामले में संभागायुक्त ने परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों को तत्काल जलागार निर्माण प्रारम्भ करने के साथ ही अन्य अधूरे निर्माणों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**संभागायुक्त ने दिए हैं निर्देश**

संभागायुक्त ने तकनीकी विभाग के अधिकारियों के साथ भकुरा परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। परिसर में अपने स्तर से सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुल सचिव, एसजीजीयू



### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पटवारी, किया धरना-प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** प्रदेश संगठन के अह्वान पर अपनी 32 सूत्रीय मांगों के समर्थन में राजस्व पटवारी सोमवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं पटवारी संघ इस बार मांगे पूरी नहीं होने तक हड़ताल के जारी रखने के मुड़ में है। जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौबे के नेतृत्व में सोमवार को पटवारियों ने पूरे दिन धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष श्री चौबे ने बताया कि भूईयां पोर्टल की गड़बड़ियों के कारण पटवारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल की समस्याओं के निराकरण के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही है लेकिन शासन द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया है। भुईयां पोर्टल में आ रही त्रुटियों एवं परिवर्तन के लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। संघ की वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण के लिए भी शासन द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। पटवारियों को आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने के कारण कार्य में कई बाधाएं आ रही हैं। शासन द्वारा इस संबंध में कोई पहल नहीं करने के कारण संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल से नियमित राजस्व कार्यों के साथ ही राजस्व पखवाड़ा, स्कूली बच्चों का आवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने, किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने के अभियान पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौबे, संतोष अग्रवाल, शारदा सिन्हा, अंजू व्यास, शैलेन्द्र कुमार, नवीन श्रीवास्तव, अशोक शुक्ला, विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

**राजपुर।** प्रांतीय आह्वान पर राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले राजपुर पटवारी संघ ने आज तहसीलदार यशवंत कुमार सिंह को पटवारियों 32 बिंदुओं पर मांग करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी है। पटवारी सोमवार से हड़ताल पर चले गए है। प्रांतीय आह्वान पर राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के राजपुर पटवारी संघ के अध्यक्ष पवन पांडेय के नेतृत्व में संघ द्वारा विगत वर्षों से लंबित पटवारियों के 32 बिंदु पर मांगो, पटवारियों की समस्याओ के निराकरण के संबंध में शासन को पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया था जिसका निराकरण नहीं होने पर आज से प्रांतीय आह्वान पर अनिश्चितकालीन आन्दोलन पर तहसील राजपुर के सभी पटवारी समस्त शासकीय कार्य को बंद कर हड़ताल में रहेंगे। इस अवसर में रजाउल हसन, विशाल अग्रवाल, विकाश एक्का, अमरजीत भगत, अनंत साय, राहुल सिंह, आशा पैंकरा, आदि पटवारी थे।

## गीता के नियमित पाठ से मिलता है विषम परिस्थितियों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मालवीय मिशन द्वारा रविवार को पं.सुनील दत्त पाण्डेय के निवास पर गीता पाठ एवं आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। अध्यात्मिक संगोष्ठी में पं.दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि गीता का नियमित पाठ करने से व्यक्ति की चेतना प्रखर और आध्यात्मवादी बन जाती है। दुविधाएं दूर होती है। परिवार के विषम से विषम परिस्थितियों का समाधान निकालने में व्यक्ति सक्षम बनता है। पं.ललित मोहन तिवारी ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना के लिए व्यक्ति को ध्यान योग करना चाहिए। ध्यान योग की साधना से व्यक्ति के विचारों में स्थायित्व आता है। विद्यार्थी जीवन में यह बहुत लाभदायक है। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि कर्म को पूजा मानकर व्यक्ति अपनी दिनचर्या करता है तो वह साधक बन जाता है। अनियमित दिनचर्या से व्यक्ति में अनेकों बीमारियों का जन्म होता है जिससे वह शारीरिक और मानसिक कष्ट झेलता है। भगवान श्री कृष्ण हमेशा कर्म करने का संदेश दिये है। सुनील दत्त पाण्डेय ने कहा कि व्यक्ति और व्यक्तित्व की पूजा आदि काल से की जा रही है। भगवान श्री कृष्ण हो या श्रीराम इनका जन्म मनुष्य रूप में हुआ। उनके कर्म और चरित्र का हमें अनुश्रवण करना चाहिए। वर्तमान परिदृश्य में भी इनके बतायें मार्ग पर चलने वालों की पूजा होती है। रामनारायण शर्मा, प्रकाश कश्यप, हरिशंकर सिंह, डॉ.राहुल आर्य, अशोक सोनकर ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रणविजय सिंह तोमर ने किया।

## डीईओ के निरीक्षण में बच्चों की उपस्थिति कम मिलने पर शिक्षकों को जारी किया गया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने सोमवार को विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया इस दौरान प्राथमिक शाला लालमाटी में दर्ज संख्या 40 में से 26 बच्चे उपस्थित मिले। विद्यार्थियों की कम उपस्थिति होने पर सहायक शिक्षक फूलवन्ती राजवाड़े व नीलम पटेल को स्पष्टीकरण जारी किया गया।

शासकीय पूर्व माध्यामिक शाला लालमाटी के निरीक्षण में दर्ज संख्या 40 में से 14 बच्चे उपस्थित मिले। शिक्षक दैनन्दिनी अपूर्ण तथा शिक्षा का स्तर अत्यंत कमजोर पाया गया। कुल दर्ज संख्या के अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना अधिक पायी गयी। विद्यालय में 40 विद्यार्थियों हेतु कुल 5 शिक्षक पदस्थ है इसके बावजूद विद्यार्थियों का स्तर अत्यंत कमजोर पाया गया। लापरवाही पर प्रभारी प्रधान पाठक श्रीमती उषा सोनी, श्रीमती अनिता सिंह, श्रीमती पूजा यादव व श्रीमती साहिला बानो को स्पष्टीकरण जारी किया गया।



बच्चों से सवाल पूछते डीईओ।

पूर्व माध्यामिक शाला सुमेरपुर के निरीक्षण में दर्ज संख्या 41 में 25 बच्चे वहीं प्राथमिक शाला सुमेरपुर में दर्ज 44 में से 37 बच्चे उपस्थित मिले। दोनों स्कूलों में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता संतोषप्रद पायी गयी। शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यामिक शाला सायर राई के निरीक्षण के दौरान परिसर की साफ-सफाई एवं मध्यान्ह भोजन गुणवत्तापूर्ण तरीके से संचालित कराने निर्देश दिया गया। शासकीय पूर्व माध्यामिक शाला जरहाडीह के निरीक्षण में शिक्षक अपनी कक्षाओं में अध्यापन करते मिले। डीईओ ने गणित, अंग्रेजी व विज्ञान के प्रश्न विद्यार्थियों से किए जिनका जवाब विद्यार्थियों ने सही दिया। इस दौरान डीईओ ने संस्था प्रमुखों को जिले के नव पदस्थ अधिकारियों के नाम एवं उनके मोबाइल नंबर अपडेट करने के निर्देश दिये। इस दौरान समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना अधिकारी रविशंकर पाण्डेय उपस्थित थे।

## मांगों के समर्थन में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया डीन का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

डीन के खिलाफ कर्मचारियों का आक्रोश, मेडिकल कॉलेज में मनमानी का आरोप

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्रांतीय महामंत्री अनिल पाण्डेय के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज में व्याप्त अनियमितताओं के विरूद्ध धरना प्रदर्शन कर अधिष्ठाता का घेराव किया। प्रांतीय महामंत्री श्री पाण्डेय ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने के बाद प्रबंधन द्वारा लगातार शासन के नियमों को दरकिनार कर विभागीय नियुक्ति एवं पदोन्नति की जा रही है। संघ द्वारा मेडिकल कॉलेज प्रशासन, कलेक्टर एवं कमिश्नर इसकी लगातार शिकायतें की गई परंतु कारगर कार्रवाई नहीं होने के कारण मजबूरन स्वास्थ्य कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन करना पड़ा। प्रदर्शन के बाद स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.मूर्ति से मिलकर अपनी मांगों से अवगत कराया। डीन ने कहा कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन संघ की मांगों का परीक्षण कर कार्रवाई कर रहा है। छह मांगों में से 2 पर कार्रवाई करते हुए भर्ती विज्ञापन में संशोधन किया गया है। अन्य मांगों का परीक्षण कर उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर कार्रवाई की जाएगी। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि डीन से सकारात्मक चर्चा हुई है। डीन ने सभी मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई तो 15 दिवस पश्चात संघ अनिश्तिकालीन आंदोलन करने पर विचार करेगा। इस दौरान दुर्गेश त्रिपाठी, श्यामाकांत त्रिपाठी, हेमन्त मरावी, मो.अब्दुल जाकिर, मिथलेश यादव, ओंकार पाण्डेय, इंद्रसेन विश्वकर्मा, शैलेंद्र भगत, श्रीमती करिश्मा केरकेट्टा, श्रीमती योगिता ठाकुर, श्रीमती चन्द्रकिरण सिन्हा, लक्ष्मी बैरागी सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।




धरना-प्रदर्शन करते स्वास्थ्यकर्मी।

## क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सोमेंद्र को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सोमेन्द्र प्रताप सिंह के आकस्मिक निधन के बाद सरगुजा क्रिकेट जगत में शोक की लहर है। सरगुजा क्रिकेट संघ द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन उनके पुराने बस स्टैंड स्थित घर में किया गया। शोक सभा में प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के क्रिकेट संघ के संरक्षक टीएस सिंहदेव सहित सभी खिलाड़ी और नागरिक मौजूद रहे।

इस अवसर पर श्री सिंहदेव ने कहा कि अपने समय के मध्यम गति के तेज गेंदबाज रहे सोमेन्द्र प्रताप सिंह ने क्रिकेट खेल के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया और अपने खेल जीवन में अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरगुजा के खेल जगत के लिए उनका जाना काफी दुखद है। सरगुजा क्रिकेट संघ के सचिव विनित विशाल जायसवाल ने कहा कि सोमेन्द्र प्रताप सिंह क्रिकेट के लिए लगातार बढ चढ कर हिस्सा लेते थे। मैदान में जब भी संघ के लोगों को और खिलाड़ियों को उनकी जरूरत होती तो वे हमेशा साथ देते थे और बच्चों को अपने अनुभव का लाभ देते थे। शोक सभा के दौरान त्रिभुवन सिंह, संजय सिंह, डॉ. विश्वजीत जायसवाल, शानू मुखर्जी, निर्मल सोनी, सारंगधर सिंह, शैलू सिंह, विवेक सिंह, राजेश अग्रवाल, अशोक सिंह, अभय त्रिपाठी, विकास शर्मा, जीवन यादव, ज्ञानेश्वर सिंह, अलंकार तिवारी, नितिन तिर्की, कार्तिक शर्मा, आयुष सिंह सहित अन्य खिलाडी उपस्थित थे।



## अंकसूची व टीसी के लिए स्कूल का चक्कर लगा रहे कक्षा 5वीं के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

शासन प्रशासन द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने कई योजनाएं संचालित की जा रही है ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। लेकिन जिले के बतौली शिक्षा विभाग इसे लेकर गंभीर नहीं है। आलम यह है कि कक्षा पांचवी के परीक्षा समाप्त हुए 3 महीने हो जाने के बाद भी आज तक दो प्राथमिक शाला स्कूलों में अंक सूची और टीसी बच्चों को वितरण नहीं किया गया है। ऐसे में बच्चे अंक सूची व टीसी के लिए स्कूल का चक्कर लगाने को मजबूर है।विकासखंड बतौली के दूरस्थ व पहाड़ी कोरवा बाहुल्य ग्राम पंचायत गोविंदपुर के प्राथमिक शाला स्कूल और प्राथमिक शाला लोटापारा स्कूल के प्रधान पाठक द्वारा न सिर्फ बड़ी लापरवाही बरती गई है बल्कि नए शिक्षा सत्र शुरू हो जाने के बावजूद बच्चों को अंकसूची व टीसी वितरण नहीं किया गया। पिछले शिक्षा सत्र में दोनों स्कूल के कक्षा पांचवी के 27 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण होने के बाद अंकसूची और टीसी लेने के लिए स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं जिससे नए शिक्षा सत्र में कक्षा छठवीं में प्रवेश ले सके। लेकिन लापरवाह दोनों स्कूल के प्रधान पाठक नई शिक्षा सत्र शुरू होने के बावजूद आज तक स्कूल नहीं पहुंचे हैं। ऐस में अंक सूची व टीसी के अभाव में 27 छात्र छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इधर अभिभावक अंकसूची और टीसी के लिए हर रोज बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचते है लेकिन प्रधान पाठक के नदारद रहने से निराश होकर वापस लौट जाते है। ऐसे में अभिभावकों में आक्रोश है और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित है।

- बतौली शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही
- तीन माह बाद भी बच्चों को वितरण नहीं किया अंकसूची व टीसी




**की जाएगी कार्रवाई**

कक्षा पांचवी के दोनो प्राथमिक शाला के बच्चों को अंकसूची व टीसी वितरण नहीं किया गया है इसकी जानकारी नहीं है। शिक्षकों द्वारा की गई लापरवाही पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-शरद चंद मेषपाल, बीईओ बतौली

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736